दिनांक-26दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले कचरे का हो रहा है उठाव

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के जोन क्षेत्रों से निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) से निकलने वाले कचरे को अपशिष्ट प्रबंधन नीति 2017 के तहत हटाने के निर्देश दिए हैं जिस पर विभिन्न क्षेत्रों से इस प्रकार के मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है ! बढ़ते हुए शहरीकरण के साथ-साथ भवनों एवं अन्य निर्मित संरचनाओं के कारण निर्माण एवं विध्वंस के अपशिष्ट अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न हो रहे हैं , इनकी मात्रा में निरंतर वृद्धि हो रही है जिसका इसी स्तर पर समुचित निपटान किया जाना आवश्यक है! निर्माण एवं विध्वंस से निकले हुए अपशिष्ट को संग्रहण कर निश्चित स्थान पर परिवहन करने के लिए अंकुर मलिक एसोसिएटेड को जिम्मा दिया गया है जो जोन के आयुक्त , स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक के निर्देशन में इस प्रकार के अपशिष्ट को उठाने की कार्यवाही करेंगे! निर्माण एवं विध्वंस से निकले हुए कचरे कहां कहां पर पड़े हुए हैं इसका सर्वे भी किया जा रहा है! जोन क्रमांक दो मे विभिन्न स्थलों पर इस प्रकार के कचरे को सूचीबद्ध किया गया है , जहां से निर्माण एवं विध्वंस के अपशिष्ट को हटाया जाएगा , c&d वेस्ट से संबंधित निदान 1100 मे प्राप्त शिकायत का भी निराकरण एजेंसी के द्वारा किया जाएगा! मलबा को वाहन में संग्रहण करने के पश्चात इसे जोन के अधिकारियों द्वारा बताए गए उचित स्थानों पर डाला जा रहा है! वर्तमान में इस प्रकार के कचरे को एसएलआरएम सेंटर के समीप एकत्रित किया जा रहा है ताकि इसका सदुपयोग किया जा सके! व्यवसायिक एवं घरेलू उत्पाद के निर्माण कार्यों से निकलने वाले अवशेष को पुनः उपयोग करने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए हैं! ऐसे बिल्डिंग के निर्माण एवं विध्वंस मटेरियल के अवशेषों को जोकि सड़क पर इधर-उधर बिखरे रहते हैं , सड़क बाधा का कारण बनते हैं

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी